प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 29 अगस्त 2024

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज हरमू मैदान, राँची में आयोजित 'दिव्य कला मेला' के उद्घाटन समारोह के अवसर पर कहा कि दिव्यांगजन के विकास हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित हैं, जरूरत है लोगों को इन योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें लाभान्वित करने की। राज्यपाल महोदय ने कहा कि हर्ष का विषय है कि झारखंड की इस पावन धरती पर 'दिव्य कला मेला' का आयोजन हो रहा है। यह मेला न केवल कला व शिल्प का उत्सव तथा सांस्कृतिक आयोजन है, बल्कि हमारे दिव्यांगजनों की अद्वितीय प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं साहस का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि यह मेला दिव्यांगजन के

सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

राज्यपाल महोदय ने 'दिव्य कला मेला' के आयोजन हेतु उन्होंने डॉ. वीरेन्द्र कुमार, माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में आयोजित इस मेला के माध्यम से हमारे देश के दिव्यांगजन को एक ऐसा मंच प्रदान किया जा रहा है, जहाँ वे अपनी कला, शिल्प और उद्यमिता का न केवल प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि अपनी प्रतिभा से अन्य दिव्यांगजन के लिए प्रेरणा का कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में यह 18वां मेला है। इन मेलों के माध्यम से दिव्यांगजन अपने उत्पादों को न केवल देश भर में प्रदर्शित कर सकते हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक बाजारों तक भी पहुंचा सकते हैं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विकलांग शब्द के बदले दिव्यांग जैसे सम्मानजनक शब्द को अपनाया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिव्यांगजन के उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा गया कि दिव्यांगजन में किसी भी प्रकार की प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। है। वे समाज के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं, चाहे वह कला हो, शिक्षा हो, खेल हो या उद्यमिता। उन्होंने कहा कि कल से पेरिस में पैरालंपिक आरंभ हुआ है। पूर्ण विश्वास है कि हमारे खिलाड़ीगण अपनी प्रतिभा का पूरा परिचय देते हुए देश के लिए अधिक-से-अधिक पदक हासिल करेंगे। विगत पैरालंपिक में भी हमारे देश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रौशन किया था।

कार्यक्रम को माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार एवं झारखण्ड

विधानसभा सदस्य श्री नवीन जयसवाल ने भी संबोधित किया।

उक्त अवसर पर विभिन्न दिव्यांग लाभुकों के मध्य रोजगार हेतु ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। साथ ही उक्त अवसर पर लाभुकों को मोटराज्ड ट्राई साइकिल एवं कान का मशीन भी प्रदान किया गया। उनके द्वारा वहाँ लगे विभिन्न स्टॉलों का भी निरीक्षण किया गया।